






**महापर्व चैती छठ संपन्न:** सोमवार की शाम अस्ताचलगामी और मंगलवार को उदयगामी सूर्य को अर्घ्य देकर भगवान भास्कर की आराधना की। इसके साथ ही ठेकुआ कसार सहित फल-फूल चढ़ाकर घाट पूजन किया। उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही छठ व्रतियों ने छठ का पारन किया और चैती छठ का समापन हुआ। चैती छठ महापर्व पर पटना समेत बिहार के विभिन्न जिलों में भगवान सूर्य की आराधना करने बड़ी संख्या में व्रतियों की भीड़ जुटी। चैती छठ पूजा को लेकर सभी घाटों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। इस दौरान छठी मइया के पारंपरिक गीत गूंजते रहे। मान्यता है कि छठ व्रत करने से छठी मईया और भगवान भास्कर की कृपा से सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। छठ पर्व संतान, सुहाग और घर-परिवार के सदस्यों के अच्छे स्वास्थ्य, सुख और खुशहाली के लिए किया जाता है। भगवान सूर्य प्रत्यक्ष देवता हैं और कई ज्योतिषाचार्य हर दिन सूर्य को अर्घ्य देने का सुझाव देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि मान्यता है कि रोजाना सूर्य को अर्घ्य देने से आरोग्यता का आशीर्वाद प्राप्त होता है। छठ पर्व में इस क्रिया का महत्व और अधिक बढ़ जाता है और व्यक्ति व उसके परिवार पर भगवान सूर्य की कृपा सदैव बनी रहती है। माना यह भी जाता है कि भगवान सूर्य की आराधना करने से मान सम्मान में वृद्धि होती है।

## खबरें फटाफट

### अब 30 जून तक कर सकेंगे पैन को आधार से लिंक

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पैन के साथ आधार को लिंक करने की डेडलाइन को बढ़ाने का एलान किया है। अब टैक्सपेयर्स 30 जून 2023 तक पैन को आधार के साथ लिंक कर सकेंगे। जल्द ही इसके लेकर नोटिफिकेशन सरकार जारी करेगी। वित्त मंत्रालय की तरफ से जारी प्रेस रिलिज में कहा गया है कि टैक्सपेयर्स को राहत देने के लिए पैन के साथ आधार को लिंक करने की डेडलाइन को 31 मार्च 2023 से बढ़ाकर 30 जून 2203 कर दिया गया है। इसके बाद टैक्सपेयर्स बगैर किसी परेशानी के पैन के साथ आधार को लिंक कर सकते हैं। ऐसा नहीं करने पर टैक्सपेयर्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ज्यादा जुर्माना देना पड़ेगा।

### मोतिहारी में डॉक्टर से मांगी दो करोड़ की रंगदारी

**मोतिहारी।** मोतिहारी के छतौनी थाना अंतर्गत एक डायग्नोस्टिक के संस्थापक डॉ. संजय कुमार से बदमाशों ने दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। इस मामले में डरे-सहमे चिकित्सक संजय कुमार ने थाने में इसकी शिकायत की है। इस मामले में डॉक्टर से पुलिस ने पूछताछ की है। धमकी भरा पत्र मिलने के बाद से डॉक्टर संजय कुमार के परिजनों में भी दहशत का माहौल है।

**17 साल पुराना मामला: एमपी-एमएलए कोर्ट ने बाहुबली समेत तीन को माना दोषी**

# उमेश पाल अपहरण केस में माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा

- अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा
- अतीक के वकील ने कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में करेंगे अपील
- अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को कोर्ट ने किया बरी

**एजेंसी/प्रयागराज**

17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में माफिया अतीक अहमद को मंगलवार को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। वैसे तो पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। लेकिन यह पहला मामला है, जिसमें अतीक को दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। इस बीच उसे साबरमती जेल वापस भेजने का आदेश जारी हुआ है। जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने अतीक के अलावा खान सौलत हनीफ और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई है। तीनों पर एक-एक लाख का जुर्माना भी लगाया गया है। यह रुपए उमेश के परिवार को दिए जाएंगे। वहीं, अतीक के वकील दया शंकर मिश्रा ने कहा कि हम फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील करेंगे। वहीं, अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया गया है। सजा सुनाने के बाद दोपहर 3.30 बजे अतीक और अशरफ को वापस नैनी जेल ले जाया गया। अतीक को वापस साबरमती और अशरफ को बरेली जेल भेजने के लिए नैनी जेल में समन पहुंच चुका है।



### उमेश की मां बोली... हत्या के केस में अतीक को मिले फांसी की सजा

प्रयागराज के एमपी एमएलए कोर्ट द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद दिवंगत उमेश की मां ने कहा कि अपहरण केस में अतीक को आजीवन कारावास की सजा हुई। इससे हम संतुष्ट हैं लेकिन हत्या के मामले में भी आरोपी को सजा सुनाई जाए। हत्या के मामले में आरोपी अतीक को अदालत फांसी की सजा सुनाए। उन्होंने कहा कि अपहरण का केस मेरा बेटा शेर की तरह लड़ा। उमेश की पत्नी जया पाल ने कहा कि जज ने जो फैसला किया है उससे हम संतुष्ट हैं। लेकिन ये तो अपहरण का मामला है। लेकिन मैं अब सीएम योगी से निवेदन करूंगी मेरे पति के हत्या के मामले में भी न्याय दिया जाए। इस मामले में जो भी आरोपी है, वह चाहे अतीक हो या अशरफ या उसका लड़का.... जब तक ये खत्म नहीं होंगे तब तक इनका आतंक चलता रहेगा।

**11 आरोपियों पर चल रहा था केस:** बसपा विधायक राजू पाल की 25 जनवरी, 2005 को हुई हत्या के बाद तत्कालीन जिला पंचायत सदस्य उमेश पाल ने पुलिस को बताया था कि वह हत्या का चश्मदीद था। उमेश ने आरोप लगाया था कि जब उसने अतीक अहमद के दबाव में पीछे हटने और झुकने से इनकार कर दिया तो 28 फरवरी 2006 को उसका अपहरण कर लिया गया था। अतीक, उसके भाई अशरफ और चार अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ पांच जुलाई 2007 को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले में अदालत में पेश किए गए आरोप पत्र में 11 आरोपियों का जिक्र है। इस केस में अशरफ अहमद, फरहान, जावेद, इशार, आसिफ मल्ली और अंसार निर्दोष सिद्ध हुए। जबकि एक और आरोपी अंसार की मौत हो चुकी है। बता दें कि अतीक अहमद उमेश पाल हत्याकांड सहित 100 से अधिक आपराधिक मामलों में नामजद है।

## विपक्षी पार्टियां स्पीकर के खिलाफ ला सकती हैं अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्षी पार्टियां अविश्वास प्रस्ताव ला सकती हैं। राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के और सदन में पक्षपात का आरोप लगा लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ सोमवार को अविश्वास प्रस्ताव लाया जा सकता है। दरअसल, गुजरात के सूरत की एक अदालत की ओर से 2019 के मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के एक दिन बाद शुक्रवार को राहुल गांधी को लोकसभा से अयोग्य घोषित कर दिया गया। कांग्रेस का आरोप है कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई इसलिए की गई है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार अडानी मुद्दे पर संसद में उनके अगले भाषण से डर गई थी।

# सहरसा कोर्ट परिसर में कैदी को गोलियों से किया छलनी

**केटी न्यूज/सहरसा**

बिहार के सहरसा में एक कैदी की कोर्ट परिसर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। मंगलवार को उसे पेशी के लिए लाया गया था। दिनदहाड़े तीन लड़के पहुंचे और कैदी को गोलियों से छलनी कर दिया। गोली लगते ही मौके पर कैदी की मौत हो गई। सहरसा व्यवहार न्यायालय में दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। कैदी का नाम प्रभाकर कुमार था। सहरसा मंडल कारा से व्यवहार न्यायालय पेशी के लिए लाया गया था। पूर्व से घात लगाए अपराधियों ने घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद न्यायालय परिसर में अफरातफरी मच गई। घटना को अंजाम देने के बाद कुछ बदमाश भागने में सफल रहे जबकि एक को पुलिस ने पकड़ लिया। पेशी के लिए लाए गए कैदी पर हत्या का मामला है।

घटना के समय मौजूद प्रत्यक्षदर्शी सिपाही कैलाश कर्ण ने बताया कि एसीजे वन के पास से पेशी कराने के बाद कैदी को लेकर वो जा रहे थे। इसी दौरान कोर्ट के बरामदे की सीढ़ी से जब नीचे उतर रहे थे कि तभी सीढ़ी के पास तीन लड़कों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। उन्होंने कैदी प्रभाकर को निशाना बनाया। करीब चार से पांच गोली चली। गोली लगते ही कैदी की मौके पर मौत हो गई।






**भाजपा संसदीय दल की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने लोकसभा चुनाव की रणनीति पर की बात**

# मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहें पार्टी के नेता: पीएम मोदी

- सांसदों को नसीहत... नौ साल के दौरान सरकार द्वारा किए गए कामों को जनता के बीच लेकर जाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में इनका प्रचार करें
- प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे जैसे पार्टी सफलता की सीढ़ियां चढ़ेगी, वैसे-वैसे विपक्षी पार्टियां ज्यादा हमले करेंगी

**एजेंसी/वाराणसी**

मंगलवार को भाजपा संसदीय दल की बैठक हुई। इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने पार्टी नेताओं से कहा कि वह एक मजबूत लड़ाई के लिए तैयार रहें। प्रधानमंत्री ने कहा कि जैसे जैसे पार्टी सफलता की सीढ़ियां चढ़ेगी, वैसे ही विपक्षी पार्टियों द्वारा ज्यादा हमले किए जाएंगे। संसद परिसर में यह बैठक आयोजित हुई।



बैठक की शुरूआत में तीन राज्यों में सत्ता हासिल करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी का अभिनंदन किया गया।

### राहुल गांधी और अडाणी मामले पर विपक्ष हमलावर

बता दें कि मानहानि मामले में राहुल गांधी की संसद सदस्यता जाने के बाद विपक्ष सरकार के खिलाफ उग्र हो गया है। विपक्ष सरकार के खिलाफ बड़े पैमाने पर देशभर में विरोध प्रदर्शन की रणनीति बना रहा है। विपक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता को लोकतंत्र पर हमला बता रहा है। वहीं भाजपा राहुल गांधी पर ओबीसी वर्ग का अपमान करने का आरोप लगा रही है। इससे पहले राहुल गांधी के लंदन में दिए बयान पर भी हंगामा जारी है। विपक्ष जहां अदाणी मामले पर जेपीसी का गठन करने की मांग कर रहा है तो वहीं सत्ता पक्ष राहुल गांधी से लंदन में दिए बयान पर माफी की मांग कर रहा है। इसे लेकर बजट सत्र के दौरान सदन भी नहीं चल पा रहा है।

**15 मई से 15 जून तक सांसद जाएं अपने संसदीय क्षेत्रों में:** प्रधानमंत्री ने भाजपा संसदीय दल की बैठक के दौरान पार्टी सांसदों को नसीहत दी कि वह नौ साल के दौरान सरकार द्वारा किए गए कामों को जनता के बीच लेकर जाएं और अपने-अपने क्षेत्रों में इनका प्रचार करें। प्रधानमंत्री ने कहा कि 15 मई से 15 जून तक सभी सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में जनता के बीच जाएं। बता दें कि लोकसभा चुनाव में एक साल का समय बचा है। यही वजह है कि विपक्ष जहां सरकार के खिलाफ माहौल बनाने में जुटा है, वहीं सरकार भी जनता के बीच अपने कामों को पहुंचाने में जुट गई है।

# राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम... टीबी के आंकड़ों में 80 % कमी लाना है उद्देश्य

**केटी न्यूज/पटना**

केंद्र सरकार द्वारा वैश्विक लक्ष्य, 2030 से पांच साल पहले टीबी को खत्म करने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यक्ष्मा उन्मूलन के लिए तैयार नेशनल स्ट्रेटेजिक प्लान ( 2017- 25 ) के अंतर्गत यक्ष्मा उन्मूलन गतिविधियों में निजी क्षेत्र को शामिल करना, निक्षय पोषण योजना, आधुनिक जांच तरीकों का विस्तार, नयी औषधियों का उपयोग, हर स्तर पर रिकॉर्डिंग-रिपोर्टिंग के लिए डिजिटल माध्यमों का क्रियान्वयन, सामुदायिक सहभागिता के लिए राज्य एवं जिला टीबी फोरम का गठन, अन्य कार्यक्रमों जैसे आयुष, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के साथ प्रभावी समन्वयन प्रमुख है। कार्यक्रम को नयी दिशा एवं गति देने के लिए पुनरीक्षित राष्ट्रीय यक्ष्मा नियंत्रण कार्यक्रम का नाम 1 जनवरी 2020 से राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम कर दिया गया है।

**कार्यक्रम का उद्देश्यः** राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का मूल उद्देश्य टीबी के मामलों में 2025 तक 2015 की तुलना में 80 % तक कमी लाना है। टीबी से होने वाली मृत्यु के आंकड़ों को 2015 की तुलना में 2025 तक 90 % कमी लाना है। इसके अलावा किसी भी परिवार को टीबी के कारण आर्थिक बोझ का सामना नहीं करना पड़े यह भी राष्ट्रीय यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम का एक मूल उद्देश्य है।

**संसाधन एवं सेवाएं :** टीबी रोगियों की पहचान, जांच एवं उपचार को हर जिले में सामान्य स्वास्थ्य व्यवस्था से जोड़ा जा चुका है। वर्तमान में राज्य में 736 माइक्रोस्कोपी सेंटर, 4 कल्चर एंड डी.सी.टी. लैब, 84 सीबीनाट मशीन एवं 37 ड्यूओ ट्रूनाट एवं 170 कुआट्रओ ट्रूनाट मशीन कार्यरत है। 207 ट्रूनाट मशीन द्वारा कोविड एवं टीबी की जांच की जा रही है। पब्लिक प्राइवेट मोड द्वारा राज्य में कुल 140 डिजिटल एक्स-रे क्रियाशील हैं।

इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा चयनित एजेंसी के माध्यम से 10 जिलों में डिजिटल एक्स-रे स्थापित है जिनके द्वारा टीबी रोगोयों की निशुल्क जांच की जा रही है। टीबी के लक्षण वाले संभावित मरीजों का स्पुटम माइक्रोस्कोपी एवं सीबीनाट/ ट्रूनाट मशीन द्वारा निशोल्क जांच की जा रही है। टीबी मरीजों का ब्लड शुगर, एचआईवी एवं ड्रग सेंसिटिविटी जांच भी निशुल्क की जा रही है। इसके उन्मूलन को लेकर लगातार कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

## राज्य में 6 नोडल एमडीआर टीबी सेंटर

राज्य के मेडिकल कॉलेजों में 6 नोडल एमडीआर टीबी सेंटर ड्रग रेसिस्टेंट टीबी मरीजों के निशुल्क उपचार के लिए संचालित किये जा रहे हैं। जिला स्तर के एमडीआर टीबी सेंटर में भी मरीजों के लिए निशुल्क सुविधा उपलब्ध है। 6 नोडल एमडीआर टीबी सेंटर हैं-

1- इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान, शेखपुरा, पटना
2- जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय व अस्पताल, भागलपुर
3- श्रीकृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर
4- दरभंगा चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, लहेरियासराय, दरभंगा
5- अनुग्रह नारायण मगध चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, गया
6- पटना चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, पटना

## टीबी से मरने वालों की संख्या सर्वाधिक

टीबी एक संक्रामक बीमारी है। मानव इतिहास में अन्य संक्रामक रोगों जैसे हैजा, चेचक, प्लेग, मलेरिया, एड्स आदि की तुलना में टीबी से मरने वालों की संख्या सबसे अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के ग्लोबल ट्यूबरक्लोसिस रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत में वर्ष 2022 में 210 प्रति लाख आबादी पर टीबी के रोगी होने का अनुमान है जो विश्व के सभी मामलों का 26 % है। टीबी से लगभग 5.04 लाख लोगों की मृत्यु एक वर्ष में होने का आंकलन किया गया जो विश्व के सभी मृत्यु का 37 % है. देश में एक अनुमान के अनुसार 0.8 लाख मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मामले हैं जो कि एक गंभीर स्थिति है। देश में टीबी को जड़ से खत्म करने को लेकर सरकार गंभीर है।

## एक नजर

### आरा में लूटपाट की साजिश रचते तीन बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**आरा।** शहर की नवादा थाने की पुलिस द्वारा लूटपाट की साजिश करते तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उनमें एक के पास से एक देसी कट्टा और दो पीस सनफिक्स बरामद किया गया है। पकड़े गए बदमाशों में जगदेव नगर गली पांच निवासी आयुष तिवारी, गली नंबर आठ निवासी राजा बाबू सिंह और गली नंबर 12 निवासी आर्यन कुमार शाम हैं। हालांकि उनके दो साथी भागने में सफल रहे। दोनों की भी पहचान कर ली गयी है और धरपकड़ को लेकर छापेमारी की जा रही है। पूछताछ में तीनों ने लूटपाट की साजिश करने के लिए इकट्ठा होने की बात स्वीकार की है। इसे लेकर पांचों के खिलाफ आर्म्स एक्ट और अपराध की साजिश करने की प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी के अनुसार एसपी प्रमोद कुमार के निर्देश पर रामनवमी और छठ को लेकर नवादा थाने के दारोगा चंदन कुमार भगत पुलिस बल के साथ सोमवार को विशेष गश्ती पर निकले थे। उसी दौरान जगदेव नगर गली नंबर पांच के सामने परती जमीन पर कुछ युवकों की भीड़ देखी गयी। पुलिस भीड़ का कारण जानने पहुंची तो युवक भागने लगे। दो युवक तो भाग निकले, लेकिन तीन को पुलिस ने पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आयूष तिवारी के पास से कट्टा और सनफिक्स बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार पूछताछ में तीनों ने बताया कि सभी मिलकर हथियार के बल पर राहगीरों से लूटपाट करते हैं। उसी के लिए सभी जमा हुए थे। पूछताछ में तीनों द्वारा अपने दो अन्य दोस्तों का नाम भी बताया गया। अब पुलिस दोनों की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है।

### जहानाबाद में संगम घाट पर मधुमक्खियों के हमले में एक दर्जन लोग घायल

**जहानाबाद।** जहानाबाद में संगम घाट पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। इस दौरान से एक दर्जन लोग घायल हो गए। दरअसल छठ पूजा के आखिरी दिन उस समय अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया, जब मधुमक्खियों के झुंड ने छठ पूजा में शामिल लोगों पर हमला कर दिया। इस घटना में करीब दर्जन भर से अधिक लोग मधुमक्खियों के काटने से जख्मी हो गए, जिन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि छठ पूजा के दौरान जलाए जा रहे हुमाद के धुए से वहाँ पेड़ में लगे मधुमक्खी के छत्ते से मधुमक्खी भड़क गए और हमला करते हुए कई लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। इस दौरान घाट पर थोड़ी देर के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया, जिसके बाद घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में दर्जन भर से अधिक महिला और पुरुष जख्मी हो गये सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं दूसरी घटना टेनी बीघा गांव के समीप की बताई जाती है। टेंपो पलटने से एक महिला घायल हो गई है बताया जाता है कि छठ पूजा कर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार से टेंपो चालक टेंपो चला रहा था, जिसके कारण सड़क के किनारे गड्ढे में ले जाकर टैंपू को पलट दिया, जिसके कारण एक महिला घायल हो गई। आसपास के लोगों के सहयोग से उस महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### चंदा गांव में निकला रामनवमी जुलूस



**चक्की।** प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदा पंचायत में रामनवमी के अवसर पर रामनवमी जुलूस निकला। जिसमें शामिल श्रद्धालुओं के जय श्री राम के जयकारा से प्रखंड का इलाका गूंज उठा। गांव के रहने वाले भाजपा युवा नेता राजा पांडेय ने बताया कि हर साल की भांति हम लोग इस साल भी बड़े धूमधाम से रामनवमी जुलूस निकालते हैं उन्होंने कहा कि भगवान की नाम लेने से पूरा दुख ही दूर हो जाता है उन्होंने कहा हम लोग हर साल चंदा पंचायत में रामनवमी जुलूस निकालते हैं प्रशासन भी मुस्तैद दिखे। रामनवमी जुलूस के वक्त चक्की ओपी थाना के पुलिस जुलूस के दौरान गस्ती करते नजर आए चक्की ओपी थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि जिला अधिकारी के आदेश के बाद हम लोग के हिदायत मिला हुआ है कि रामनवमी जुलूस के वक्त किसी भी उत्पाद युवक ना मचाए इस मौके पर भरियार गांव के प्रदीप तिवारी राकेश तिवारी तमाम कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### यात्रियों की सुविधाओं को ले कल्याण समिति ने की बैठक दो अप्रैल के देंगे धरना

**चक्की।** टुडीगंज रेलयात्री कल्याण समिति कोर कमेटी की बैठक अध्यक्ष कामेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई इस मौके पर रेलयात्री की सुविधा व ट्रेनों के ठहराव को लेकर अब तक किये संघर्षों की समीक्षा की गई तथा दानापुर मंडल प्रबंधक द्वारा किए गए आश्वासन पर कोई कार्य नहीं होने को लेकर गंभीरतापूर्वक विचार कर यात्रियों की सुविधा व ट्रेनों के ठहराव को लेकर रेलयात्री कल्याण समिति 2 अप्रैल 2023 से टुडीगंज स्टेशन पर अनिश्चित कालीन धरना देने का निर्णय लिया है वही रेलयात्री कल्याण समिति टुडीगंज स्टेशन के अध्यक्ष कामेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कितनी बार प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मंत्री से लेकर अधिकारी तक आवेदन दिए लेकिन इस पर किसी का कोई भी आश्वासन के छोड़कर आज तक इस स्टेशन का विकास तक नहीं हुआ बड़ी बात है कि स्टेशन अंग्रेजों के जमाने का है लेकिन इस स्टेशन पर अभी तक तीन साल हो गया लेकिन अभी तक ओवर ब्रिज का निर्माण नहीं किया गया इससे छोटा-छोटा स्टेशन का विकास हो चुका लेकिन इस स्टेशन का अभी तक विकास नहीं होने के कारण यहां पर हर दिन यात्रियों की परेशानी झेलनी पड़ती है।

**भोजपुर के अगिआंव-कोआथ रोड पर पीरो थाना क्षेत्र की घटना, पटना के निजी अस्पताल में किसान ने तोड़ा दम**

# छठ का मेला घूमने गये बुजुर्ग को तेज रफ्तार बाइक ने मारी ठोकर, इलाज के दौरान मौत

- मृतक की पहचान पीरो थाना क्षेत्र के बलुआही टोला वार्ड नंबर 18 निवासी 65 वर्षीय ललन सिंह के रूप में हुई है
- चचेरे भाई मेला के साथ मेला घूमकर लौटने के दौरान हुआ हादसा



**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के अगिआंव-कोआथ रोड पर पीरो थाना क्षेत्र के बाहरी महादेव मोड़ स्थित पेट्रोल पंप के समीप बाइक की ठोकर से एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के निजी अस्पताल में मंगलवार की सुबह दम तोड़ दिया। मृतक पीरो थाना क्षेत्र के बलुआही टोला वार्ड नंबर 18 निवासी 65 वर्षीय ललन सिंह थे। वह पेशे से किसान थे। चचेरे भाई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार को चैती छठ था। गांव से कुछ दूर बहरी महादेव धाम है। वहां मेला लगा था। सोमवार की शाम वह उनके चचेरे भाई मेला घूमने बाहरी महादेव गए थे। रात में वह पैदल ही गांव लौट रहे थे। उसी दौरान बहरी महादेव और बलुआही गांव के बीच स्थित पेट्रोल पंप के समीप बाइक सवार ने उन्हें जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए पीरो अस्पताल ले जाया गया। वहां से आरा सदर अस्पताल और फिर पटना रेफर कर दिया गया। उसके बाद उन्हें इलाज के लिए पटना में स्थित निजी अस्पताल में ले जाया गया। वहां इलाज के बाद डाक्टर द्वारा उनकी हालत देख गांव ले जाने की सलाह दी गयी। उन्हें गांव लाया जा रहा था। लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया।

उसके बाद उनके शव को सदर अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलने पर टाउन थाना की पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि किसान के परिवार में उनकी पत्नी शिवकुमारी देवी, पुत्र सुनील बैजनाथ और राज किशोर है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी शिवकुमारी देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बिहिया चौरस्ता के समीप ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, एक युवक की मौत, दूसरा जख्मी

**आरा।** आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर जिले के बिहियां थाना क्षेत्र के बिहिया चौरस्ता के समीप सोमवार की देर शाम ट्रक ने बाइक सवार दो दोस्तों को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त मामूली रूप से जख्मी हो गया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरातफरी का माहौल कायम हो गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने उसका पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं पुलिस ने मौके से उक्त ट्रक को भी जप्त कर लिया है। वही चालक मौके से फरार हो गया। मृतक तीयर थाना क्षेत्र के हेतमपुर वार्ड नंबर 8 निवासी महेंद्र चौधरी का 22 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार है। वह स्नातक का छात्र था एवं आईटीआई की पढ़ाई भी करता था। जबकि जख्मी युवक भी उसी गांव निवासी एवं उसका दोस्त है। इधर, मृतक के पिता महेंद्र चौधरी ने बताया कि वह अपने गांव के ही एक दोस्त के साथ बाइक से आरा को-ऑपरेटिव बैंक चुनाव के नॉमिनेशन में शामिल होने आया था। सोमवार की देर शाम जब वह नॉमिनेशन से वापस अपने दोस्त के साथ बाइक से गांव लौट रहा था। उसी दौरान बिहिया चौरस्ता के पास ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह बाइक से सड़क के बाएं और गिर पड़ा। तभी ट्रक का पिछला चक्का उसके शरीर पर चढ़ गया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जबकि बाइक पर पीछे बैठा उसका एक दोस्त मामूली रूप से जख्मी हो गया।

इसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी।बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व दो बहन में दूसरे स्थान पर था। मृतक के परिवार में मां कौशीला देवी, दो बहन रिंकी,पिंकी व दो भाई अनिल एवं विकास है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

## 26 साल बाद कैद से मुक्त हुए संकटमोचक गाजे-बाजे के साथ लाए गए रंगनाथ मंदिर

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के कृष्णगढ़ थाना में पुलिस कस्टडी में 26 वर्षो से कैद श्री हनुमान जी की रिहाई मंगलवार के दिन हो गया। उसे सुनकर ग्रामीण व धर्मलंबियो में हर्ष व्याप्त है। मंगलवार की शाम मालखाने में कैद हनुमान जी की लाखो रुपए की अष्ट धातु की मूर्ति को निकालकर कर सभी कानूनी प्रक्रिया को पूरा कर उन्हे गंगाजल से स्नान करा नया वस्त्र धारण कर पूजा अर्चना करने के साथ गाजा बाजा व जयकारे के साथ गुंडी गांव स्थित श्री रंगनाथ मंदिर लाया गया। थाना परिसर में उन्हें आसान पर विराजमान कर थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह व श्रद्धालुओ द्वारा फूल माला व आरती पूजन कर उन्हे थाना से विदा किया गया । मूर्ति थाना से लाने के दौरान जय श्री राम जय हनुमान के नारे से पूरा ग्रामीण इलाका गुंजायमान हो रहा था । वही वर्षो से कैद हनुमान जी का मूर्ति अपने पहले स्थान मंदिर में आने से गुंडी गांव के साथ अन्य गांव के ग्रामीणों व श्रद्धालुओं में खुशी की लहर दिखी।

### वर्ष 1997 में चोरों ने मंदिर से चुरा ली थी मूर्ति

वर्ष 1997 में कृष्णगढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी गांव स्थित श्री रंगनाथ भगवान के मंदिर से चोरों ने लाखो रुपए की इस मूर्ति को चुरा लिया था। जिसके एक सप्ताह बाद पुलिस ने इस मूर्ति को सिंगही गांव स्थित एक बगीचा के कुएं से बरामद किया था। उस समय मूर्ति की जमानत के लिए न्यायलय द्वारा 42 लाख रुपए का जमानतदार की मांग की गई थी ।लेकिन उस समय इतने राशि का जमानतदार नही मिलने से मूर्ति कृष्णगढ़ थाना के मालखने में पड़ी रही। विगत वर्ष 2022 के जून महीने में पुलिस की कस्टडी में कैद हनुमान जी की खबर आपका प्रिय हिन्दुस्तान अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर पढ़ने के बाद पटना हनुमान मंदिर न्यास बोर्ड के अध्यक्ष किशोर कुणाल ने पहले इसकी पता व जांच करने के लिए तीन सदस्यीय टीम को गुंडी गांव भेजा था ।उसके बाद वह खुद गुंडी गांव पहुंचकर इस घटना की पूरी जानकारी प्राप्त कर पुलिस की कैद से हनुमान जी को रिहाई कराने को लेकर तत्कालीन एसपी संजय कुमार से मिलकर इस पर पहल किया था। बता दे कि इस मंदिर का निर्माण लगभग 175 वर्ष पहले मद्रास के नंद गुरारी मठ के मठाधीश की अगुवाई में पूरा हुआ था। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद इसमें देवी देवताओं की मूर्ति का स्थापना कर उस समय पूजा अर्चना शुरू हुआ था। कुछ समय तक पूजा अर्चना सुचारू ढंग से होने के बाद मठ द्वारा पूजा अर्चना में कोताही बरतने से इस मंदिर की जिम्मेवारी विगत वर्ष 2007 में श्री भगवान राम जी को सौप दी गई थी।

## अश्लील दृश्य, गीत व वार्ता से उत्पन्न होते हैं मानसिक विकार, इनसे बचें : जीयर स्वामी



**केटी न्यूज/आरा**

बरजा में प्रवचन करते हुए श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि अश्लील दृश्यों को देखने से मस्तिष्क में कुविचार उत्पन्न होते हैं। अश्लील दृश्य, अश्लील गीत व अश्लील वार्ता से मन में विकृति पैदा होती है, जिसकी स्मृति से चेतन मन में स्थायी रूप अंकित हो जाती है। इसके कारण सामान्य जीवन में विचलन का भय रहता है। मानव जीवन अपने उद्देश्यों से भटक जाता है। परिवार, समाज एवं देश के स्तर पर अश्लील दृश्य एवं अश्लील गीतों के प्रति वर्जनात्मक संवेदनशीलता बरतनी चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि अजामिल कनौज क्षेत्र के सदाचारी ब्राह्मण थे। वे दिनचर्या के तहत पूजा का फूल और तुलसी पत्र लेने वाटिका में गये थे। वहां उन्होंने एक लम्पट व्यक्ति को वेश्या के साथ अस्त-व्यस्त स्थिति में देखा। यह दृश्य उनके मानस-पटल में बैठ गया। कुछ दिन उसी दृश्य की स्मृति में रमने के बाद वे भी वेश्यागामी हो गये। अपनी पत्नी एवं संतान को घर से निकाल कर वेश्या को स्थायी रुप से घर में बैठा दिये। पूजा-पाठ एवं जपादि धार्मिक कृतियों से विमुख हो गये। अपनी सम्पति समाप्त होने के बाद जीवन चापन के लिए चोरी-डकैती का सहारा लेने लगे। उस वेश्या से नौ संतानें उत्पन्न हुई। दसवीं संतान के गर्भ में आने के बाद तीर्थ यात्रा पर निकले संतों का एक समूह एक दिन अजामिल के घर पहुंचा। उसकी वेश्या पत्नी ने संतों का सत्कार किया। जाते वक्त संतों ने आग्रह कि दसवीं पुत्र का नाम नारायण रखना। अजामिल का उस पुत्र में आसक्ति बढ़ गयी और मृत्यु के समय जब यमदूत आये तो अजामिल डर से नारायण-नारायण पुकारने लगा। यमदूत नारायण भक्त जान लौट गये और विष्णु गण उसे ले गये, जिससे उसकी मुक्ति हो गयी। स्वामी जी ने कहा कि एक बार का अश्लील दृश्य अजामिल के जीवन को विदूप कर दिया। दूसरी तरफ संतों का मात्र एक दिन का सान्निध्य उसके जीवन को मंगलमय बना दिया।

**प्रसवोत्तर अत्यधिक रक्त स्त्राव से बढ़ती हैं मुश्किलें, प्रसव पूर्व जांच एनीमिया प्रबंधन में सहायक**

# गर्भावस्था में एनीमिया प्रबंधन से मातृ मृत्यु दर में आयेगी कमी

**केटी न्यूज/बिहारशरीफ**

किसी भी महिला के लिए गर्भावस्था से लेकर मां बनने तक का समय काफी महत्वपूर्ण होता। ये वह दौर है जो माताओं के साथ साथ शिशुओं के शारीरिक और मानसिक परिस्थिति की नींव होती है। ऐसे में गर्भवती महिलाओं को विशेष ध्यान रखना होता है। चाहे वह खान पान से हो या फिर दिनचर्या से। माताओं द्वारा बिताये गये हर पल का असर सीधे उनके गर्भ में पल रहे बच्चे पर पड़ता है। गर्भावस्था में बेहतर शिशु विकास एवं प्रसव के दौरान होने वाली रक्त स्त्राव के प्रबंधन के लिए महिलाओं में पर्याप्त मात्रा में खून होना आवश्यक होता है। एनीमिया प्रबंधन के लिए प्रसव पूर्व जांच के प्रति महिलाओं की जागरूकता ना सिर्फ एनीमिया रोकथाम में



सहायक होती है बल्कि सुरक्षित मातृत्व की आधारशिला भी तैयार करती है।

**7 ग्राम से कम खून होने पर सीवियर एनीमिया होता है:** जिला अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. बिजय कुमार सिंह ने बताया, गर्भावस्था में एनीमिया प्रबंधन बहुत जरुरी होता है। एनेमिक महिलाओं को तीन श्रेणी में रखा जाता है। 10 ग्राम से 10.9 ग्राम खून होने पर माइल्ड एनीमिया, 7 ग्राम से 9.9 ग्राम खून होने पर मॉडरेट एनीमिया एवं 7 ग्राम से कम खून होने पर सीवियर एनीमिया होता है। एनेमिक महिलाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गर्भावस्था में 4 प्रसव पूर्व जांच नहीं कराना एनीमिया का प्रमुख कारण है।

## खून की कमी होने से शिशु के स्वास्थ्य पर पड़ता है प्रतिकूल असर

गर्भावस्था में महिलाओं को सामान्य से अधिक खून की जरूरत होती है। गर्भ में पल रहे शिशु के लिए माता का स्वस्थ होना जरुरी होता है क्योंकि माता के ही माध्यम से शिशु को पोषण प्राप्त होता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार गर्भावस्था के दौरान महिला के एनेमिक होने से शिशु के वजन में कमी, एनेमिक नवजात का जन्म, जन्म के साथ शिशु जटिलता में बढ़ोतरी एवं उम्र के साथ शिशुओं में सही मानसिक एवं शारीरिक विकास में कमी आती है। एनीमिया के कारण शिशुओं के साथ माताओं में भी ह्रदय घात, संक्रमण की संभावना, समय से पहले प्रसव, प्रसवोत्तर अत्याधिक रक्त स्त्राव के साथ स्तनपान कराने में अक्षमता जैसी जटिलतायें शामिल है।

## जागरूकता से ही मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में आएगी कमी : डॉ. सिंह

डॉ. सिंह ने बताया, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस एवं प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान पर प्रसव पूर्व जांच के माध्यम से एनेमिक गर्भवती महिलाओं की जांच की जा रही है एवं साथ ही सामुदायिक स्तर पर गर्भवती महिलाओं को बेहतर खान-पान के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। महिलाओं के बीच एनीमिया के विषय में संपूर्ण जानकारी से प्रसव के दौरान होने वाली मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लायी जा सकती है। इसके लिए जरूरी है ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार को बढ़ावा दिया जाए। जटिल प्रसव के कुशल प्रबंधन के लिए खून चढ़ाने की भी जरूरत हो सकती है एवं इसके लिए प्रथम रेफेरल यूनिट में ब्लड ट्रान्सफ्यूजन की सुविधा उपलब्ध करायी जाती है।

# उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चैती छठ पर्व संपन्न



**केटी न्यूज/डुमरांव/केसठ**

मंगलवार को सुबह चैती छठ का दूसरा अर्घ्य अर्पित किया गया। इसके साथ ही लोक आस्था का यह चार दिवसीय महापर्व संपन्न हो गया। उगते सूर्य को अर्घ्य के लिए छठ व्रती तथा उनका परिवार अहले सुबह विभिन्न तालाबों व जलाशयों के किनारे पहुंचा था। जैसे ही आसमान में सूर्य की लालिमा दिखाई पड़ी की श्रद्धालुओं ने पूरी आस्था के साथ उन्हें अर्घ्य अर्पित किया।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी चैती छठ पूरे उत्साह के साथ मनाए जाने की जानकारी मिली है। केसठ प्रतिनिधि के अुनसार प्रखंड के विभिन्न गांवो में काफी हर्ष उल्लास के साथ महापर्व चैती छठ मनाया गया। चार दिवसीय महापर्व का समापन मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया।

व्रतियों द्वारा छठ घाट पर अहले सुबह पहुंचकर छठ माता का लोकगीत के साथ पूजा अर्चना किया गया तथा सूर्य उगने के पश्चात उन्हें अर्घ्य देकर महापर्व छठ का समापन किया गया। इसके बाद श्रद्धालु भक्तों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया, तथा स्वयं भी प्रसाद ग्रहण किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों पर छठ पूजा काफी आकर्षक रहा। छठ पूजा को लेकर छठ घाटों को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था।

### बिनोद महतो हत्याकांडः विधायक अजीत कुशवाहा ने विधानसभा में हत्याकांड की तफ्तीश तेज करने की उठाई मांग

# घटना के चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली लोगों ने इंसाफ के लिए निकाला कैंडल मार्च

**केटी न्यूज/डुमरांव**







डुमरांव के गौशाला रोड निवासी व पेशे से राजमिस्त्री बिनोद उर्फ सोमारू महतों हत्याकांड में पुलिस के हाथ अबतक खाली है। घटना के चार दिन बाद भी पुलिस न तो किसी निष्कर्ष पर पहुंची है और न ही हत्यारों की शिनाख्त ही कर पाई है। जानकारों का कहना है कि इस मामले में पुलिस अबतक अंधेरे में ही तीर मार रही है। वही इस हत्याकांड की गूंज बिहार विधानसभा में भी सुनाई पड़ी है। स्थानीय विधायक डा अजित कुशवाहा ने बिनोद के हत्योरों की अविलंब गिरफ्तारी तथा इस हत्याकांड की तफ्तीश तेजी से करने की मांग की है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस की मुश्किले बढ़ गई है।



बता दें कि गौशाला रोड निवासी कलेश्वर महतो का 35 वर्षीय पुत्र बिनोद उर्फ सोमारू महतो शुक्रवार को दोपहर बाद रहस्यमय ढंग से गायब हो गया था। अगले दिन उसका शव इटाढ़ी थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के बधार स्थित गेहूं के एक खेत से बरामद किया गया था। उसके सर पर चोट के निशान थे, जिससे उसकी हत्या किया जाना प्रतीत हो रहा था। शव के पास 315 बोर की गोली व एक बैरल भी मिला था। मोहल्लेवालों ने शव के साथ डुमरांव थाना के मुख्य गेट व एनएच 120 को भी जाम किया था। तब पुलिस ने हत्यारों को शीघ्र गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया था। लेकिन घटना के चार दिन बाद भी हत्यारों का सुराग नहीं मिलने से परिजनों में आक्रोश बढ़ते जा रहा है। हालांकि अब परिजनों को स्थानीय विधायक का साथ मिला है। जिसके बाद उन्हें इस बात की उम्मीद जगी है कि बिनोद के हत्यारों को पुलिस जल्दी ही तलाश लेगी। गौरतलब है कि उसके पिता ने जो एफआईआर दर्ज कराया है उसमें किसी से दुश्मनी का जिक्र नहीं किया है। ऐसे में पुलिस के लिए भी इस हत्याकांड का उदभेदन आसान नहीं रह गया है।

**राजगढ़ से निकाला गया कैंडल मार्चः** मंगलवार की शाम मोहल्ले वालों ने बिनोद के परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए शहर में कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च राजगढ़ से शुरू हो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए थाना पहुंच संपन्न हुआ। मार्च में सैकड़ो की संख्या में लोग अपने हाथों में कैंडल व तख्तियां लिए शामिल हुए थे। तख्तियों पर बिनोद के हत्यारों की पहचान कर उन्हें फांसी की सजा देने तथा बढ़ते अपराध पर लगाम लगाने जैसे स्लोगन लिखे गए थे। थाना पहुंच लोगों ने थानाध्यक्ष से मिल इस हत्याकांड का उद्भेदन शीघ्र कर परिवार को न्याय दिलाने को कहा। वही थानाध्यक्ष ने भी कहा कि पुलिस जल्दी ही इस मामले का उद्भेदन कर लेगी।

**कहीं अवैध संबंध तो नहीं बना हत्या का कारणः** वही सूत्रों की मानें तो बिनोद महतो हत्याकांड में अवैध संबंधों से इंकार नहीं किया जा सकता है। जानकारों का कहना है कि पुलिस भी इस बिंदु पर जांच कर रही है।

**क्या कहते हैं एएसपीः** इस संबंध में एएसपी राज ने कहा कि पुलिस ने इस हत्याकांड को चुनौती के रूप में लिया है। पुलिस कई बिंदुओं पर गहराई से जांच कर रही है। बिनोद के हत्यारों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# डीसीएलआर का सीओ को निर्देश... दाखिल खारिज की प्रक्रिया को ससमय पूरा करें

- राजस्व वसूली समेत अन्य पंजी को भूमि सुधार उपसमाहर्ता ने खंगाला

**केटी न्यूज/नावानगर**



स्थानीय अंचल कार्यालय का डुमरांव के भूमि सुधार उपसमाहर्ता गिरिजेश कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीओ अजीत कुमार को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने अंचल कार्यालय निरीक्षण के दौरान बेदखली, भू-बंदोवस्ती, न्यायालय में लंबित मामले, राजस्व वसूली, सरकारी योजना की जमीन, रोकड़ पंजी आदि पंजी का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीसीएलआर ने भू-नामांतरण के लंबित मामले तथा नामांतरण वाद के अस्वीकृति पर नाराज दिखे। इसके अलावा अतिक्रमण वाद को युद्ध स्तर पर निबटारा करने, पूर्व से लंबित अतिक्रमण वाद को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश सीओ को दिया। साथ ही परिमार्जन, एलपीसी, मापी वाद का निपटारा करने, ऑनलाइन दाखिल खारिज की प्रक्रिया ससमय पूरा करते हुए उसका निष्पादन एक माह के अंदर करने का निर्देश दिया। वही परिमार्जन से संबंधित ऑनलाइन जमा बंदी सुधार के लिए प्राप्त हुए आवेदन को जल्द निष्पादन करने की बात कही। मौके पर राजस्व कर्मी समेत अंचल के सभी कर्मी मौजूद थे।

# पुराने डीईओ कार्यालय में हुई आगलगी जली कई फाइलें, जांच में जुटा विभाग

**केटी न्यूज/बक्सर**



मंगलवार को पुरानी कचहरी स्थित पुराने डीईओ कार्यालय में अचानक आगलगी की घटना हो गई। आगलगी की इस घटना में कई फाईलें जलकर राख हो गई है। इसकी जानकारी मिलते ही तत्काल अग्निशाम विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशामन विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग पर काबू पाए जाने के बाद विभाग जली फाईलों के संबंध में जानकारी इकट्ठा करते रहे। अधिकारी उसकी सूची भी बना रहे थे। बता दें कि डीईओ कार्यालय यहां से स्थानांतरित हो गया है। बावजूद इसमें बड़ी संख्या में फाईले थी। इस कार्यालय में आगली के कारणों का फिलवक्त पता नहीं चल सका है। बताया जाता है कि इसमें बिजली के कनेक्शन भी नहीं है। ऐसे में आगलगी के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इस घटना में यह सवाल भी उठ रहा है कि कार्यालय में साजिश के तहत तो आग नहीं लगाई गई है। फिलहाल अधिकारी इस मामले में कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी ने बताया कि विद्युत कनेक्शन नहीं था। जिससे शॉर्ट सर्किट से नहीं बल्कि अन्य कारणों से आग लगी है। एक कमरे की फाइलें जली है, जिसे चिन्हित किया जा रहा है।

## एक नजर

### जयगुरूदेव समर्थकों के जमावड़े में शाकाहारी व सदाचारी बनने की दी गई प्रेरणा



**सिमरी।** सिमरी प्रखंड के बलिहार गांव में जय गुरूदेव समर्थकों का धार्मिक प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसमें बड़ी संख्या में जय गुरूदेव के अनुयायी आए थे। इस दौरान मुख्य प्रवचनकर्ता व जय गुरूदेव के शिष्य आशा पांडेय व मुन्ना ठाकुर ने अपने अपने प्रवचन के दौरान लोगों को शाकाहारी बनने, नशा के सेवन से दूर रहने तथा सदाचारी बनने की सीख दी। वक्ताओं ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए शाकाहारी और सदाचारी बनना जरूरी है। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं ने सभी तरह के नशा तथा मांसाहारी भोजन छोड़ने का संकल्प भी लिया है। यह कार्यक्रम स्थानीय ग्रामीण रामबदन सिंह के अध्यक्षता में संपन्न हुआ था। प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी उपस्थित थी। प्रवचनकताओं ने कहा कि वर्तमान में संयुक्त परिवार के टूटने में सबसे बड़ी भूमिका नशा पान व मांसाहारी भोजन का सेवन है। वही सदाचारी जीवन व शाकाहारी भोजन से फिर से संयुक्त परिवार की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। मौके पर जय गुरूदेव के सैकड़ो समर्थक मौजूद थे।

### राष्ट्रीय एकीकरण शिविर से लौटने के बाद स्वयंसेवक को किया गया सम्मानित



**डुमरांव।** एनएसएस द्वारा उड़ीसा के जगन्नाथ पुरी में आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में भाग लेने वाले डीके कॉलेज डुमरांव के स्वयंसेवक अभिषेक कुमार को कॉलेज के एनएसएस इकाई द्वारा सम्मानित किया गया है। वे जगन्नाथपुरी में 15 से 25 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय एकीकरण शिविर में चयनित होने वाले डीके कॉलेज के इकलौते स्वयंसेवक रहे। जगन्नाथपुरी से वापस लौटने के बाद कॉलेज में एक सादे समारोह में उन्हें सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी रामेंद्र कुमार सिंह के द्वारा किया गया था। इस दौरान पूर्व कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ ही अन्य स्वयंसेवकों ने उन्हें फूल माला और बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हमारे महाविद्यालय के स्वयंसेवक राष्ट्रीय शिविर का प्रतिनिधित्व कर रहे है। इस दौरान स्वयंसेवक नदीम अंसारी, जन्मेजय उपाध्याय, रोशन, अफसाना, संगीता कुमारी, जयश्री, प्रियंका कुमारी, प्रीतम कुमारी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे और इन लोगों ने भी अभिषेक को बधाई दिया। वही अभिषेक ने कहा कि कॉलेज में सम्मानित होना उनके लिए गौरव की बात है।

### 82 बोतल शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**राजपुर।** थाना क्षेत्र के बहुआरा गांव के पास से सोमवार की सुबह पुलिस ने 82 बोतल देशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया तस्कर तियरा गांव का रहने वाला पिंटू चौहान बताया जा रहा है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष युसूफ अंसारी के साथ एएसआई शत्रुघ्न प्रसाद एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों की गठित टीम विभिन्न जगहों पर जांच कर रही थी। गस्ती के दौरान जैसे ही राजपुर पुलिस की गाड़ी पहुंची तभी शराब तस्कर देखते ही तेज गति के साथ भागने लगा। पुलिस ने न्पीछा करते हुए इसे बहुआरा ब्रह्मा स्थान के पास पकड़ लिया। जांच के दौरान उसके पास से विभिन्न ब्रांडों की शराब को बरामद किया गया।

## ई-रिक्शा की आमने सामने हुई टक्कर

**बक्सर।** बाईपास रोड स्थित आदर्श मध्य विद्यालय कोईरपुरवा के पास मंगलवार को दो ई रिक्शा की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में एक ड्राईवर गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। जिसे स्थानीय स्तर आस-पास के लोगों ने इलाज करवाया। संयोग से दोनों वाहनों पर कोई यात्री नहीं बैठे थे। जिस कारण एक बड़ा हादसा टल गया। दुर्घटना के बाद बाइपास रोड में देर तक अफरा तफरी का माहौल कायम रहा। लोगों ने किसी तरह दुर्घटनाग्रस्त दोनों ई रिक्शा को सड़क से हटा परिचालन बहाल कराया। इस मामले में किसी पक्ष द्वारा एफआईआर दर्ज कराए जाने की जानकारी नहीं मिली है।

# नया भोजपुर भगवती मंदिर का चापाकल छह माह से खराब, विभाग मौन, लोगों में आक्रोश

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नया भोजपुर के मां भगवती मंदिर के समीप स्थित चापाकल खराब हो जाने के कारण वहां के आसपास के लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। समाजसेवी धनंजय पाण्डेय ने बताया कि यह चापाकल पिछले 6 माह से खराब है। जब चालू हालत में था तब कई घरों के लिए वरदान साबित होता था। अभी भीषण गर्मी पड़ रही है साथ ही चैत्र नवरात्र का पावन महीना चल रहा है। जिस कारण मंदिर में हर दिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु महिला व पुरूष पूजा अर्चना करने पहुंच रहे है। उन्हें भी चापाकल के खराब होने से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस चापाकल से ही श्रद्धालु मंदिर धोने या पूजा अर्चना के लिए जल लेते थे। लेकिन पिछले छह महीने से चापाकल खराब होने की वजह से श्रद्धालुओं को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

# हुई बाइक दुर्घटना, युवक ने दर्ज करा दिया छिनतई का केस

**नावानगर।** स्थानीय थाना में हरोजा के एक युवक ने बिसवां युवक पर बाइक में धक्का मार मोबाइल एवं पैसा छीनने का थाना में आवेदन दिया है। साथ ही नामजद युवक पर कार्रवाई करने की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में सिकरौल थाना के हरोजा गांव निवासी श्रवण कुमार ने बताया है कि वह नावानगर बाजार से बाइक पर वेंटिलेटर लेकर वापस अपने गांव जा रहा था। तभी जितवाडीह मोड़ के पास बीसवां गांव के नामजद युवकों द्वारा बाइक में धक्का मार मोबाइल एवं पैसा छीनने लगे। पर सड़क मार्ग पर जुटे राहगीरों के चलते वह सफल नहीं हो पाए। श्रवण ने बताया है कि बाइक में धक्का मारने से वेंटिलेटर के साथ बाइक क्षतिग्रस्त हो गई है। इस संबध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि दो बाइक में टक्कर हो गया था। जिसको लेकर दोनों बाइक चालक आपस में समझौता करने की कोशिश किया। जब दोनों के बीच बात नहीं बनी तो श्रवण ने विसवां के युवकों पर जानबुझकर धक्का मारने एवं मोबाइल तथा पैसा छीनने का आवेदन दिया था। जिसपर मामला की जांच की गई। जांच में मोबाइल एवं पैसा छीनने का आरोप बेबुनियाद साबित हुई है।

### लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सफल बनाने के लिए डीएम के नेतृत्व में कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न

# पंचायतों को खुले में शौच मुक्त करने के लिए चलेगा विशेष अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**



लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सफल बनाने के लिए सरकारी कर्मियों व पदाधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का द्वितीय चरण मंगलवार को समाहरणालय परिसर में संपन्न हआ। जिसमें जिला एवं प्रखंड स्तरीय कर्मियों का दो दिवसीय इमर्सन कम ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ एवं उन्मुखीकरण समाहरणालय परिसर स्थित सभागार में मंगलवार को संपन्न हो गया था। डीएम अमन समीर के नेतृत्व में आयोजित हुए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कर्मियों को कई आवश्यक जानकारियां दी गई है। जिसके आधार पर वे पंचायतों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को सफल बना सकते है। इसके तहत पंचायतों को खुले में शौच मुक्त करने पर भी बल दिया गया। ट्रेनिंग कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम पंचायतों में खुले में शौच से मुक्ति का स्थायित्व सुनिश्चित करते हुए चरणबद्ध तरीके से ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन द्वारा संपूर्ण स्वच्छ बनाया जाना लक्ष्य है। साथ ही अन्य जिलों से आए पदाधिकारी एवं कर्मियों का ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन अंतर्गत निर्मित संरचनाओं जैसे अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई एवं आदर्श ग्राम पंचायत और क्षेत्र भ्रमण के साथ प्रशिक्षण किया जाना है। इस माध्यम से प्रतिभागी क्रियाशील संरचनाओं से जानकारी ग्रहण करेंगे. जिले में जिला भोजपुर, कैमूर एवं सासाराम से कुल 57 प्रतिभागी रहेंगे। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी 06, जिला समन्वयक एवं सलाहकार 08, प्रखंड समन्वयक 36, जिला संसाधन सेवी एवं राज्य संसाधन सेवी 07 शामिल हैं। क्षेत्र भ्रमण एवं प्रशिक्षण हेतु प्रतिभागी डुमराव प्रखंड के लाखनडिहरा पंचायत के अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई एवं मुंगाव पंचायत में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाई का जानकारी ग्रहण करेंगे। प्रशिक्षण दौरान प्रतिभागी उक्त पंचायत में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अंतर्गत निर्मित संरचनाओं का भ्रमण करेंगे एवं जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता कर्मियों, समुदाय के साथ चर्चा में शामिल होंगे। डीएम ने बताया कि जिले में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान को धरातल पर उतारना है। इसके लिए सभी कर्मियों को अभी से लग जाना होगा। उन्होंने कहा कि पंचायतों को खुले में शौच मुक्त करने तथा कचरा प्रबंधन के लिए विशेष अभियान चलाना होगा। प्रशिक्षण के दौरान कर्म्रियों को यही सब जानकारी दी गई है। बैठक में उप विकास आयुक्त डॉ महेंद्र पाल, सभी संबंधित पदाधिकारी एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे। बता दें कि पंचयतों में अभी भी स्वच्छता अभियान धरातल पर नहीं उतर सका है। जिस कारण जिला प्रशासन ने कवायदें तेज कर दी है। यह प्रशिक्षण उसी का हिस्सा है।

# प्लास्टिक टिफिन, थर्माकोल बॉक्स में गर्म खाना पैक करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

- खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से सुरक्षित परोसिए, सुरक्षित खाइए कार्यशाला का आयोजन
- जस्ते व अल्मुनियम के बर्तन में दूध नहीं ऊबालें, क्योंकि अलमुनियम का अंश इसमें मिल जाता है, जो न्यूरो संबंधित बीमारियों को जन्म देता है

**केटी न्यूज/मऊ**




गरम तैयार भोजन प्लास्टिक टिफिन, थर्माकोल बॉक्स या अखबार में पैक करना स्वास्थ्य के लिए कतई हितकर साबित नहीं होगा। भले ही आपने अपने घर के रसोई से कितना भी स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन तैयार किया हो अगर उक्त खाद्य पदार्थ को गरमा गरम स्थिति में ही उपरोक्त बॉक्स में पैक कर दिया जाए तो उसे जहरीला होते समय नहीं लगेगा। उक्त बातें सुरक्षित खाइए सुरक्षित परोसिए नामक विषयक कार्यशाला में लोगों को संबोधित करते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन चीफ राजेश कुमार दीक्षित ने कहा।

नगर के गाजीपुर तिराहा स्थित एक प्लाजा में जिला अभिहित अधिकारी एस.के. त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में खाद्य कारोबारकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहाकि खाद्य पदार्थों को ढकने, रोटी लपेटने व खाद्य सामग्री रखकर खाने जैसे प्रयोग में अखबारी कागजो का प्रयोग कतई नहीं होना चाहिए। क्योंकि इसमें लीड टाइटेनियम ऑक्साइड पाया जाता है जो कि कैंसर जैसी बीमारी का प्रमुख कारक होता है। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों को ढक कर रखना चाहिए ताकि उन्हें धूल मिट्टी मक्खी मच्छर व काकरोच इत्यादि से बचाया जा सके।

कार्यशाला में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बताया गया कि जस्ते व अल्मुनियम के बर्तन में दूध कतई नहीं ऊबालना चाहिए। क्योंकि अलमुनियम का अंश इसमें मिल जाता है जो शरीर में मेटाबॉलिक तथा न्यूरो संबंधित बीमारियों को जन्म देता है। वहीं बार-बार चाय गर्म करने से उक्त चाय में विषैले तत्व उत्पन्न हो जाते हैं।

### पैक पानी की बोतल को बार-बार प्रयोग में लाना नुकसानदायक

पैक पानी की बोतल को बार-बार प्रयोग में लाना स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक होना। रंगीन पॉलिथीन का प्रयोग खाद्य पदार्थों को रखने में नहीं करना चाहिए। इसके साथ ही बताया गया कि खाद्य पदार्थों को बनाए जाने वाले में प्रयुक्त खाद्य तेल को 2 बार से अधिक गर्म नहीं करना चाहिए। क्योंकि बार-बार तेल, रिफाइन गर्म करने से तेल में ट्रांसफैट बनता है जो हृदय संबंधित बीमारियों को जन्म देता है।

इस अवसर पर खाद्य पदार्थों के मानव को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारकों के खाद्य पदार्थ वार सूची देते हुए वनस्पति, खाद्य तेल, समृद्ध खाद्य तेल, आटा, लड्डू, बूंदी, बेसन लड्डू, बर्फी, सास भुना चना, नमकीन, धनिया पाउडर, मसालों इत्यादि में हानिकारक तत्व की जानकारी दी गई। वहीं मिठाई की दुकानों पर मिठाइयों को चमकीला बनाने के लिए प्रयोग किए जाने वाले अल्मुनियम फाइल के विषय में आगाह किया गया कि यह स्वास्थ्य के लिए एक विषाक्त पदार्थ है। कार्यशाला में दुग्ध, दुग्ध उत्पादों के निर्माण प्रसंस्करण भंडारण, चाय मिठाई नमकीन की दुकान, रेस्टोरेंट भोजनालय के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। मीट व मीट के उत्पाद के निर्माण में लगे खाद्य कारोबारकताओं को स्वच्छता संबंधी दिशा निर्देश फुटकर मांस की दुकानों के लिए स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधित दिशा-निर्देश इत्यादि दिया गया। इस अवसर पर समस्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज यादव, बिंदु पांडेय, दिनेश राय, जयहिंद राम, रामानंद, सत्यराम जिला स्टियरिंग कमेटी सदस्य श्रीराम जायसवाल, किराना व्यवसायी संघ नेता बृजभूषण गुप्ता, विनोद गुप्ता, आशुतोष सिंह, राजीव कुमार, गुड्डू मद्धेशिया, संजय गुप्ता, बृजेश यादव, सुभाष यादव, मुन्ना प्रसाद वर्मा, बासु चौहान, द्वारकानाथ चौहान, घनश्याम गुप्ता, संजय तनवानी, भरत भारद्वाज, धर्मदेव गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, रजनीश मौर्य सहित काफी संख्या में व्यापारी, उद्यमी व उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# गैस के रिसाव से लगी आग पति-पत्नी बुरी तरह से झुलसे

**केटी न्यूज/बलिया**

खबर जनपद बलिया के सिकन्दरपुर थाना क्षेत्र के महथापार गांव की है। जहां सोमवार की देर शाम को खाना बनाते समय रसोई गैस के रिसाव से लगी आग से पति-पत्नी बुरी तरह से झुलस गए। दोनों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार महथापार गांव निवासी बबली पत्नी विष्णू गुप्त उर्फ सोनू सोमवार को करीब 7 बजे गैस चूल्हा पर खाना बनाने हेतु जैसे ही माचिस की तिल्ली जलाईं की सिलिंडर के पाइप से गैस के रिसाव के चलते आग पकड़ लिया। जिसकी चपेट में आ कर बबली के कपड़ों में आग पकड़ लिया। बबली द्वारा शोर मचाये जाने पर तत्काल उस के पति विष्णू गुप्त मौके पर पहुंच कर अगको शांत करने के प्रयास में लग गया।इस दौरान जब तक आग पर काबू पाया जा सका तब तक पति पत्नी दोनों बुरी तरह से झुलस गए।सूचना पा कर मौके पर इकट्ठा पड़ोसियों ने झुलसे पति पत्नी को इलाज हेतु तत्काल स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

## बाछापार गांव में लाखों के गहने व नकदी की चोरी

**बलिया।** बलिया तहसील क्षेत्र के बाछापार गांव में सोमवार की भोर में छत के आंगन के सहारे नीचे उतरकर चोरों ने लाखों के गहने व नकदी पर हाथ साफ कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार पकड़ी थाना क्षेत्र के बाछापार गांव निवासी पारसनाथ राम की पत्नी रीता देवी तथा उसकी पुत्री अनीशा तथा उनका भांजा लाल जी राम रविवार की रात्रि को रोजाना की तरह भोजन घर के बाहर बरामदे में अंदर से दरवाजा बंद करके सो गए।जब सोमवार की सुबह रीता देवी नींद से जगी। तो छत की सीढ़ी का फाटक खुला देखकर आश्चर्यचकित हो गईं।

आनन फानन में उन्होंने जब देखा तो सारे कमरों के दरवाजे खुले पड़े थे। अंदर कमरे में जाकर देखा तो सारे सामान बिखरे पड़े। और बक्सा खुला हुआ था। बक्से में जाकर खोजबीन किया तो उसमें रखा सारा गहना और लगभग 35000 नगद चोरी हो चुका था। पीड़ित के परिजनों द्वारा इसकी सूचना पकड़ी थाने को दे दी गई है।

### गाजीपुर का मामला, सीएम योगी के निर्देश को थानेदार दिखा रहा है ठेंगा

# खाकी पर सवाल... घर में सो रहे निर्दोष युवक को उठाया, आठ घंटे तक थाने में किया टार्चर

- जनपद के खुदरा-पथरा गांव के निर्दोष युवकों पर पुलिस ने ढाए सितम
- पुलिस घर से किसी से मिलाने के बहाने चौकी ले आई, जबरदस्ती बैठाकर की गई गाली गलौज
- विरोध करने पर पुलिस ने की पिटाई

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





पुलिस ने इन्हीं दोनों युवकों के साथ किया अपराधियों जैसा सलूक।

जनपद के खुदरा-पथरा गांव में खाकी के खौफनाक कदम एवं मानसिक प्रताड़ना से एक युवक उबर नहीं पा रहा है। पिछले 48 घंटे से वह डरा -सहमा हुआ है। जीवन में पहली बार निर्दोष होते हुए भी उसे पुलिस की प्रताड़ना तब झेलनी पड़ी। हुआ कुछ यूं कि जब वह घर में खाना खाकर सो रहा था, तो अचानक घर पहुंची पुलिस उसे बिना कारण बताए जबरिया अपने गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई। वहां उसकी पिटाई करने के बाद उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ना दी गई। वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहा है। जनपद में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी योगी सरकार के निदेशों को ठेंगा दिखा अपनी मनमानी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण गहमर थाना क्षेत्र के खुदरा गांव में तब देखने को मिला जब एक निर्दोष युवक को अपराधी की तरह पुलिस बेड से उठा ले गई और आठ घंटे बाद उप मुख्यमंत्री कार्यालय से फोन आने के बाद किसी तरह छोड़ा।

गहमर थाने के खुदुरा गांव निवासी विद्यासागर उपाध्याय का पिछले 20 वर्षों से पत्नी के साथ विवाद चल रहा है। यह मामला न्यायालय में लंबित है। परिवार में कलयुगी मां ने करीब दो दशक पहले अपने दो बच्चों को पिता के सहारे छोड़कर बिना किसी सूचना के गायब हो गई थी। इसके कई साल बाद पत्नी ने पति पर कोर्ट में भरण -पोषण का मुकदमा किया। न्यायालय के आदेश के बाद थाने पर विपक्षी पार्टी की मौजूदगी में पीड़ित परिवार द्वारा दबाव बनाने के लिए कामाख्या धाम पुलिस चौकी एवं थाना -गहमर की पुलिस विद्यासागर उपाध्याय के घर पहुंची। विद्यासागर उपाध्याय के न मिलने पर पुलिस ने उनके घर पर जमकर तांडव किया। साथ ही उनके निर्दोष बेटे एवं भाई के नाबालिग बच्चे को पुलिस चौकी उठाकर ले आई। चौकी में पूछताछ के नाम पर आठ घंटे तक जबरन बैठाई रखी। इस दौरान बच्चों को विपक्षी के सामने गाली गलौज करते हुए चौकी इंचार्ज ने बच्चों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करती रही। बच्चों के विरोध करने पर मनबढ़ दरोगा बृजेश मिश्रा ने बच्चों की पिटाई कर दी। इस दौरान विपक्षी भी थाने में मौजूद रहा। पुलिस प्रशासन विपक्षी की मौजूदगी में यह कृत्य की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि पैसे का लेन-देन करके पुलिस ने यह कृत्य किया है इस बारे में अंकित उपाध्याय व नाबालिग असीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस घर से किसी से मिलाने के बहाने पुलिस चौकी ले आई तथा उन्हें जबरदस्ती बैठाकर गाली गलौज करने लगी।बच्चों के विरोध करने पर पुलिस ने उन बच्चों की पिटाई भी कर दी इससे अंकित उपाध्याय के कान और दिमाग पर गहरा चोट पहुंचा है। उसका उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है।

### उच्चाधिकारियों के फोन आने के बाद मानी पुलिस

बता दें कि पुलिस का यह हाईप्रोफाइल ड्रामा उस दिन उच्चाधिकारियों के फोन आने के बाद करीब 11:00 बजे तब बंद हुआ, जब पुलिस कप्तान के पीआरओ सहित अन्य पुलिस अधिकारी का फोन थानाध्यक्ष बृजेश मिश्रा के पास आने लगा। तब अंकित उपाध्याय और नाबालिक असीत उपाध्याय को मनबढ़ दरोगा ने रात में 11:00 बजे मुक्त किया। इस दौरान गांव के सम्मानित लोगों की भीड़ पुलिस चौकी पर बनी रही।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर दे दी जान

**मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना कोतवाली क्षेत्र के भुजही गांव निवासी एक नवविवाहिता ने सोमवार को दिन में फांसी लगाकर जान दे दिया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली क्षेत्र के भुजही गांव निवासी संतोष कुमार बुलंद शहर में किसी विभाग में नौकरी करता है। उसकी शादी बीते माह 23 फरवरी को जिला गाजीपुर थाना करंडा निवासी प्रतिमा उम्र 30 वर्ष के साथ धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन घर रहने के बाद संतोष कुमार अपने नौकरी बुलंदशहर चले गए घर पर बूढ़े बाप और मां थी सोमवार की दोपहर प्रतिमा सास ससुर को खाना देने के बाद अपने कमरे में जाकर पंखे में साड़ी फंसा कर फांसी लगा लिया।

काफी देर बाद भी कमरे से प्रतिमा कमरे से बाहर नहीं आई तब सास-ससुर ने दरवाजा खोलने के लिए आवाज दी। दरवाजा न खुलने पर अगल-बगल के कुछ लोगों को बुलाए रोशनदान के जरिए देखा गया तो प्रतिमा फांसी पर झूल रही है इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और नवविवाहिता के मायके वालों को सूचना दे दिया मंगलवार को नवविवाहिता के परिजन कोतवाली में पहुंचकर ससुराल जनों के खिलाफ तहरीर दिया।

# 20 बीघा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



नंदगंज थाने के सौरम गांव निवासी बच्चू की मड़ई के समीप सीवान में गेहूं के खेत में अज्ञात कारणों से आग लग गई। बता दें कि खेतों से होकर जाने वाले हाईटेंशन तार से शॉर्ट सर्किट के कारण खेत में खड़ी गेहूं की फसल धूं -धूं कर जलने लगी।आग लगने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में चीख-पुकार मच गई। आनन -फानन में किसान और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। गेहूं की खड़ी फसल को बचाने के लिए किसान जद्दोजहद में जुटे रहे। पर्याप्त पानी न होने के बावजूद किसान झाड़ झंखाड़ से किसी तरह आग पर काबू पाए। लेकिन तबतक आग ने किसानों के तकरीबन 20 बीघा से ज्यादा गेहूं की खड़ी फसल को जलाकर राख कर दिया था, जिससे महीनों की मेहनत चंद मिनटों में रख हो गयी। जनपद के सौरम गांव में गेहू की खाड़ी फसल में आग लगने से लगभग 20 किसान प्रभावित बताए जा रहे हैं। इस आग की घटना में किसान मानिकचंद यादव, भोला यादव रामअवतार यादव, नागेंद्र यादव, विक्रमा यादव, ऋषि यादव, कमला यादव, दधिबल यादव, महेंद्र यादव, दुखंती कुशवाहा, मोती चंद यादव, अशोक यादव, सर्वनाथ विश्वकर्मा, कमलेश कुशवाहा, जितेंद्र यादव, साधु यादव, हरकेश यादव, राममूरत, यादव लाल, बचन यादव, लाला यादव, राम नवल यादव आदि की खेत में खड़ी गेंहू की फसल जल कर राख हो गई। मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम आर्यका अखौरी ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है कि सौरम गांव में किसानों की खड़ी फसल आग लगने की वजह से जल गई है, साथ ही उन्होंने कहा कि आग किन कारणों से लगी है इसकी भी जानकारी की जा रही है। कितने किसानों का और कितनी फसल जली है। इसका आकलन करने के लिए टीम गठित कर भेजा गया है।

# मऊ डीएम ने किया तहसील मधुबन का निरीक्षण

**केटी न्यूज/मऊ**



मऊ। जिलाधिकारी अरुण कुमार ने तहसील मधुबन का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उप जिलाधिकारी कोर्ट, उप जिलाधिकारी कोर्ट तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट, रिकॉर्ड रूम सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण कर संबंधित अभिलेखों की जांच जिलाधिकारी द्वारा किया गया।

जांच के दौरान स्वामित्व योजना के तहत अभी भी 45 गावों के नक्शे भेजने हेतु अवशेष पाए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मधुबन को शीघ्र ही त्रुटि रहित सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करते हुए समस्त ग्रामो का भूलेख सत्यापन करने के निर्देश दिए। पट्टा आवंटन के अभिलेखों की जांच के दौरान कृषि हेतु निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष कम पट्टा आवंटन पर जिलाधिकारी ने इसे शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन शिकायतों से संबंधित अभिलेखों की जांच के दौरान मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर से संदर्भित 5 एवं जिलाधिकारी संदर्भित 21 मामलों के लंबित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को इसके तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। इसके अलावा निवास प्रमाण पत्र के 1 सप्ताह से अधिक के लंबित 47 आवेदन, लोक संबोधन प्रणाली के लिए अनुज्ञा से संबंधित 1 माह से अधिक लंबित 250 आवेदन तथा माननीय मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना सहायता योजना के तहत 1 माह से अधिक लंबित 2 आवेदनों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने सभी लंबित मामलों का निस्तारण करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश उप जिलाधिकारी को दिए।

## एक नजर

### मनियर में केबिल ब्लास्ट, 24 घंटे से विद्युत सप्लाई बाधित, पानी के लिए परेशान रहे लोग

**मनियर बलिया।** विद्युत उपकेंद्र मनियर में हुसेनाबाद से चलने वाली 33 केवीए का केबिल ब्लास्ट होने के कारण सोमवार से ही विद्युत आपूर्ति बाधित है। 24 घंटे बाद भी बिजली न आने के कारण पूरी रात लोग परेशान रहे। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों ने छतों पर रात में शरण लिया वहीं रात में मच्छरों ने नींद में भरपूर खलल डाली। पानी वगैरह के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस संबंध में जेई कैलाश राव ने बताया कि केबिल ब्लास्ट के कारण विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

### मनिहारी ब्लॉक के दो सफाईकर्मी निलंबित

**गाजीपुर।** पीस कमेटी की बैठक में मनिहारी ब्लाक के ग्राम पंचायत मसउद्पुर में साफ-सफाई न होने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने तत्काल एडीओ पंचायत से निरीक्षण करने के लिए निर्देश दिया। स्थलीय निरीक्षण में शिकायत सत्य पाए जाने पर सफाईकर्मी गीतांजलि गौतम, श्रीमती मंजू देवी को निलंबित कर दिया गया है।

### फर्जी जांच अधिकारी बन दो ठगों ने महिला के खाते से उड़ाए 40 हजार रुपए

**बलिया।** सिकन्दरपुर (बलिया) तहसील क्षेत्र के लीलकर मठिया गांव में फर्जी जांच अधिकारी बनकर महिला के खाते से (आवास के)उतारे गए 40000 लेकर दो ठग फरार हो गए। पीड़ित के पति ने स्थानीय थाने पर तहरीर दे दी है। पीड़िता के पति हरेराम राजभर पुत्र स्व० भिखारी राजभर द्वारा थाने पर दिए गए तहरीर में बताया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अनर्तगत हम प्रार्थी द्वारा आवास का पैसा 40000 बैंक से उतार कर घर लाया गया था कि उसी बीच मेरे गैरमौजूदगी में 25 मार्च की सुबह 9 बजे दो अज्ञात लोग घर आए और झांसा में लेकर 40 हजार रुपया लेकर फरार हो गए।

### अंतर्राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता में साहित्य-साधिका डॉ. प्रतिभा सिंह को मिला पहला स्थान

**गाजीपुर।** भारत व मॉरिशस की द्विपक्षीय संस्था विश्व हिन्दी सचिवालय मॉरिशस द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय लेखन प्रतियोगिता के लिए एक प्रमुख हिन्दी



लेखक के साथ साक्षात्कार के लिए साहित्य-साधिका डा. प्रतिभा सिंह को प्रथम स्थान मिला है। डा. प्रतिभा सिंह जिले के मनिहारी गांव की दयाशंकर सिंह की पुत्री हैं, जो इतिहास में पीएचडी हैं। ये वर्तमान समय में अयोध्या के पुरा बाजार क्षेत्र में अध्यापिका हैं। उनके सम्मानित होने से जिले के साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी है। उल्लेखनीय है कि उनकी प्रकाशित पुस्तकों में जाऊँ कहाँ ? (कहानी संग्रह), मन धुआँ-धुआँ सा है (कविता संग्रह), अस्सी घाट पर प्रेम समीक्षा (उपन्यास), शिक्षाप्रद बाल कहानियां, पंचकन्या-पांच लम्बी कविताओं का संग्रह, कही अनकही (उपन्यास-डायरी विधा) आदि विशेष चर्चित हैं।

### खाद्य कारोबारियों एवं आमजनमानस को वैन करेगी जागरूक, लोगों को बताएगी कि क्या खाएं और क्या नहीं

# सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन को डीएम ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

**केटी न्यूज/बलिया**




खाद्य कारोबारकताओं एवं आमजनमानस को खाद्य पदार्थ में मिलावट के प्रति जागरूक करने के लिये जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कलेक्ट्रेट में सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलेक्ट्रेट से रवाना हुई सचल खाद्य प्रयोगशाला वैन टीडी कालेज चौराहा एवं कुँवर सिंह चौराहा पर 26 खाद्य पदार्थों की जांच की। इसमे 4 की जांच रिपोर्ट सही नहीं पाई गई। लोगो को जागरूक करने के लिए वैन एलईडी स्क्रीन है जो वीडियो के माध्यम से लोगो को जागरूक करेगी।

इसमे क्या खायें क्या न खायें, खाद्य पदार्थ खरीदते समय क्या ध्यान रखें आदि का विस्तार से रोचक प्रस्तुति की गयी है। सहायक आयुक्त (द्वितीय) खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशाशन वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वैन के अन्दर स्थापित छोटी प्रयोगशाला द्वारा समस्त खाद्य एवं पेय पदार्थों की जॉच कर मौके पर ही उसकी रिपोर्ट से आमजनमानस एवं खाद्य कारोबारकताओं को अवगत कराकर जागरूक किया जाता है। नवरात्रि पर्व के देखते हुए शहर के विभिन्न स्थानो से सिघाडा आटा, किसमिस, सेवई, साबुदाना आदि के कुल 08 नमूनें संग्रहित कर जॉच हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है।

### स्कूल व अस्पताल की जांच करने अचानक पहुँचे डीएम, कई कर्मियों पर गिरेगी गाज

**बलिया।** जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने शिक्षा क्षेत्र गड़वार के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय चांदपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में ताला बंद मिला। इस पर नाराज ज़िलाधिकारी ने प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश पांडे और सहायक अध्यापक संतोष कुमार पर विभागीय कार्यवाही करने का निर्देश बीएससी मनीराम सिंह को दिया।खंड शिक्षा अधिकारी गड़वार से भी स्पष्टीकरण तलब किया। जिलाधिकारी ने सीएचसी फेफना का भी निरीक्षण किया। इस दौरान चीफ फार्मासिस्ट व वार्ड बॉय अनुपस्थित मिले। सीएससी पर उपस्थित स्टाफ नर्स अनीता पटेल ने बताया कि यह अस्पताल बंद है। जिलाधिकारी ने चीफ फार्मासिस्ट और वार्ड बॉय का वेतन रोकने का निर्देश सीएमओ जयंत कुमार को दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी हाल में लापरवाही न बरती जाए। ऐसी स्थिति में कार्रवाई की जाएगी।